भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 825
सोमवार, 28 जुलाई, 2025 (6 श्रावण, 1947, (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

झारखण्ड राज्य में उड़ान योजना

825. श्री खीरू महतो:
क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) झारखण्ड राज्य में उड़ान योजना के अंतर्गत विकसित किए जाने के लिए तैयार विमानपत्तनों का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार द्वारा पिछले बजट में क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बेहतर बनाने के लिए देशभर में 50 एयरपोर्ट की घोषणा के अंतर्गत झारखण्ड प्रदेश के जिलों को भी सम्मिलित करने का विचार है; और
(ग) यदि हां, तो उक्त जिले कौन-कौन से है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क): क्षेत्रीय संपर्क योजना - उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) के अंतर्गत, झारखंड राज्य में छह (06) हवाईअड्डों, नामतः बोकारो, दुमका, जमशेदपुर, हजारीबाग, देवघर और डाल्टनगंज, को विकास और आरसीएस उड़ानों के परिचालन हेतु चिह्नित किया गया है। दो हवाईअड्डे, नामतः जमशेदपुर और देवघर का प्रचालन पहले ही शुरू हो चुका है।

(ख) और (ग): वर्ष 2023-24 के बजट में, सरकार ने 'असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों/ हेलीपोर्टों/ वॉटर एयरोड्रोमों का पुनरुद्धार/ उन्नयन' योजना के दूसरे चरण के लिए 1000 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ 50 हवाईअड्डों, हेलीपोर्टों और वॉटर एयरोड्रोमों के पुनरुद्धार की घोषणा की है। इस चरण में झारखंड के दो हवाईअड्डों, नामतः बोकारो और दुमका, को प्रचालित किया जाएगा। दोनों हवाईअड्डों का विकास कार्य पूरा हो चुका है और लाइसेंसिंग का कार्य प्रगति पर है।

*****